कार्य का नाम : उत्तराखण्ड, जनपद देहरादून, मसूरी के पार्क एस्टेट (जार्ज एवरेस्ट हाउस, प्रयोगशाला एवं अन्य) का पर्यटन विकास हेतु प्रस्ताव।

भू–वैज्ञानिक की आख्या

प्रमाणित किया जाता है कि भू–वैज्ञानिक/जिला टास्क फोर्स द्वारा जनपद देहरादून, मसूरी के पार्क एस्टेट (जार्ज एवरेस्ट हाउस, प्रयोगशाला एवं अन्य) का पर्यटन विकास हेतु प्रस्ताव पर्यावरण स्वच्छता पर्यटको की सुविधा हेतु प्रस्ताव की भू–वैज्ञानिक आख्या निम्नवत् संलग्न है।

ह0/
प्रयोक्ता एजेन्सी
Addl.Program Director
I.D.I.P.T.
Uttarakhand

नरेश धमोली
वन संरक्षण विशेषज्ञ
एम0यू0 देहरादून

Bye No 30A

प्रेषक,

उपनिदेशक/भूवैज्ञानिक,
भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून।

सेवा में,

अपर कार्यक्रम निदेशक,
उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद,
पं0 दीन दयाल उपाध्याय पर्यटन भवन,
निकट– ओ0एन0जी0सी हेलीपैड, नींबूवाला गढ़ीकैन्ट,
देहरादून।

संख्या 1772 / भू0खनि0ई0/निरी0आख्या0– 6 /2018–19, **दिनांक 30 अक्टूबर, 2018**

विषय :– **जनपद देहरादून के जॉर्ज एवरेस्ट, मसूरी में पर्यटन विभाग की भूमि पर पर्यटकों की सुविधा व पर्यटन विकास के लिए "जार्ज एवरेस्ट विरासत पार्क का विकास" हेतु अनापत्ति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या 1968/2–10/ए0डी0बी0/आई0डी0आई0पी0टी0/120/2018–19, दिनांक 20.10.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जॉर्ज एवरेस्ट (पार्क स्टेट) मसूरी में पर्यटन विभाग द्वारा स्वयं की भूमि पर पर्यटकों की सुविधा व पर्यटन विकास के लिए "जार्ज एवरेस्ट विरासत पार्क का विकास" हेतु प्रस्तावित 0.8886 है0 भूमि की भूवैज्ञानिक आख्या चाही गई है।

उक्त के क्रम में आपके विभागीय प्रतिनिधि श्री नरेश चमोली के साथ क्षेत्रीय भूवैज्ञानिक निरीक्षण कर भूगर्भीय निरीक्षण आख्या संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय
30/10/18
(डॉ0 दीपक हटवाल)
उपनिदेशक/भूवैज्ञानिक

संख्या / भू0खनि0ई0/निरी0आख्या0– /2018–19, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. जिलाधिकारी, देहरादून।

(डॉ0 दीपक हटवाल)
उपनिदेशक/भूवैज्ञानिक

नरेश चमोली
वन संरक्षण विशेषज्ञ
पी0एम0यू0, देहरादून

जनपद देहरादून के जॉर्ज एवरेस्ट, मसूरी में पर्यटन विभाग की भूमि पर पर्यटकों की सुविधा व पर्यटन विकास के लिए "जार्ज एवरेस्ट विरासत पार्क का विकास" हेतु प्रस्तावित 0.8886 है0 भूमि की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या

जनपद देहरादून के जॉर्ज एवरेस्ट (पार्क स्टेट), मसूरी में पर्यटन विभाग की भूमि पर पर्यटकों की सुविधा व पर्यटन विकास के लिए "जार्ज एवरेस्ट विरासत पार्क का विकास" किये जाने हेतु प्रस्तावित 0.8886 है0 भूमि का भूगर्भीय निरीक्षण वन संरक्षण विशेषज्ञ श्री नरेश चमोली, ए0डी0बी0 की उपस्थिति में किया गया। प्रस्तावित क्षेत्र मसूरी से लगभग 05 किमी0 दूरी पर हाथीपांव क्षेत्र के जॉर्ज एवरेस्ट स्टेट के अन्तर्गत स्थित है। प्रस्तावित 0.8886 है0 क्षेत्र के अन्तर्गत ट्रैक मार्ग, कॉर्टो ग्राफिक संग्रहालय, धरातल पार्किंग–1, धरातल पार्किंग–2, स्टार गेजिंग हट (10), जलपान गृह तथा खुला थियेटर कुल 07 कार्य किये जाने प्रस्तावित है। विभागीय प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि सभी संरचनायें पूर्व निर्मित (प्रीफैब्रीकेटेड) निर्मित/स्थापित की जानी है।

प्रस्तावित क्षेत्र लगभग पूरब–पश्चिम विस्तारित पहाडी की रिज पर स्थित है, जहां पर कुछ पूर्व निर्मित संरचनायें खण्डहर के रूप में विद्यमान है। पहाडी के रिज का भूभाग छोटे–छोटे लगभग समतल मैदानों के रूप में है, जिसके उत्तर में कुछ सीढीनुमा भूभाग व उसके पश्चात पहाडी का अधिक ढालदार भूभाग तथा दक्षिण में लगभग ऊर्ध्वाधर पहाडी हैं। प्रस्तावित क्षेत्र के उत्तर का भू–भाग 15^0 से 20^0 उत्तरवत् व इसके बाद 45^0 से 60^0 उत्तरवत तथा दक्षिणी भाग ऊर्ध्वाधर है। स्थल एवं इसके निकट एवं प्रस्तावित रिज क्षेत्र में स्लेटी व नीले स्लेटी रंग की चूना पत्थर की चट्टानें अवस्थित है। उक्त चट्टानों में बैडिंग प्लेन स्पष्ट नहीं है। क्षेत्र में भूरे रंग की मृदा का आवरण है।

उपरोक्त वर्णित 07 प्रस्तावित कार्यों में से 03 कार्य पार्किंग–1, कॉर्टो ग्राफिक संग्रहालय तथा पार्किंग–2 क्षेत्र के पश्चिमी भाग में प्रस्तावित है। पार्किंग–1 के मध्य भाग की भौगोलिक स्थिति उत्तर 30^0 27′ 34.3″ व पूरब 78^0 01′ 17.1″, कॉर्टो ग्राफिक संग्रहालय के मध्य भाग की स्थिति उत्तर 30^0 27′ 34.5″ व पूरब 78^0 01′ 16.4″ व पार्किंग–2 के मध्य भाग की भोगोलिक स्थिति उत्तर 30^0 27′ 34.7″ व पूरब 78^0 01′ 15.4″ है। संग्रहालय का निर्माण पार्किंग–1 व पार्किंग–2 के मध्य प्रस्तावित है। इस क्षेत्र के उत्तर में स्थानीय निवासियों की भूमि, दक्षिण में पहाडी का ऊर्ध्वाधर भार, पूरब में जॉर्ज एवरेस्ट स्टेट का भूभाग तथा पश्चिम में स्थानीय निवासियों के मकान है।

उक्त स्थल से लगभग 75 मीटर उत्तर–पूरब में लगभग 50 मीटर नीचे बने समतल भूभाग में 10 स्टार ग्रेजिंग हट्स व जलपान गृह हेतु भूमि प्रस्तावित है। स्टार ग्रेजिंग हट्स 02 भागों में बनाये जाने प्रस्तावित है जिनके मध्य जलपान गृह प्रस्तावित है। स्टार ग्रेजिंग हट्स के मध्य भाग की भौगोलिक स्थिति उत्तर 30^0 27′ 36.7″ व पूरब 78^0 01′ 18.5″ व उत्तर 30^0 27′ 35.2″ व पूरब 78^0 01′ 21.3″ है, जिनके मध्य प्रस्तावित जलपान गृह की भौगोलिक स्थिति उत्तर 30^0 27′ 35.3″ व पूरब 78^0 01′ 19.9″ है। इस भूभाग के उत्तर में लगभग 40^0 उत्तरवत् पहाडी ढाल, दक्षिण में पहाडी का ऊपरी ढाल व मुख्य भूमि, पूरब व पश्चिम सामान्य ढालदार भूभाग है।

जॉर्ज एवरेस्ट क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित मुख्य भवन के लगे हुए उत्तरपूर्वी भाग में खुला थियेटर प्रस्तावित है। प्रस्तावित ओपन थियेटर के उत्तरपूर्वी किनारे की स्थिति उत्तर 30^0 27′ 31.4″ व पूरब 78^0 01′ 25.7″, दक्षिणपूर्वी किनारे की भौगोलिक स्थिति उत्तर 30^0 27′ 31.1″ व पूरब 78^0 01′ 23.3″, उत्तरपश्चिमी कोने की स्थिति उत्तर 30^0 27′ 32.7″ व पूरब 78^0 01′ 25.07″ तथा दक्षिणीपश्चिमी कोने की स्थिति उत्तर 30^0 27′ 32.4″ व पूरब 78^0 01′ 23.5″ है। ऑपन थियेटर के लिए प्रस्तावित सम्पूर्ण भूभाग समतल भूमि है। ओपन थियेटर के उत्तरपूर्वी भाग से लगभग 1.5 किमी0 का ट्रैक मार्ग पहाडी की चोटी तक के लिए प्रस्तावित है।

पहाडी के रिज पर स्थित जॉर्ज एवरेस्ट स्टेट के अन्तर्गत पूव निर्मित मुख्य भवन तथा अन्य खण्डहर के समीप लगभग समतल भूभाग है तथा इसके पश्चिम, उत्तरपश्चिम तथा उत्तरपूरब में प्रस्तावित कार्यों हेतु चिन्हित भूभाग पहाडी के ढाल पर सीढ़ीनुमा रूप में विकसित समतल भूभाग है। सम्पूर्ण प्रस्तावित क्षेत्र एवं इसके निकटवर्ती भूभाग में स्लेटी रंग की चूना पत्थर की चट्टानें अवस्थित है तथा निकटवर्ती भाग वनाच्छादित है। प्रस्तावित क्षेत्र के अन्तर्गत वर्णित स्थल एवं इनके निकट भूस्खलन, भूकटाव व भूधसाव नहीं पाया गया तथा प्राकृतिक नाला व जल स्त्रोत नहीं पाया गया है।

नरेश चमोली
वन संरक्षण विशेषज्ञ
पी0एम0यू0, देहरादून

प्रस्तावित स्थल के पहाडी की चोटी पर स्थित रिज भाग में व पहाडी ढाल पर स्थित होने तथा हल्के भार के प्रीफैब्रीकेटेड संरचना का निर्माण उक्त भूभाग में किये जाने के दृष्टिगत प्रस्तावित संरचनाओं की सुरक्षा हेतु निम्नलिखित सुक्षात्मक सुझाव एवं शर्तों का अनुपालन किया जाना होगा:–

1. प्रस्तावित संरचनाओं के लिए चिन्हित स्थल समतल भूभाग हैं, अतः आवश्यक स्थल विकास केवल मानव शक्ति द्वारा किया जाना होगा।
2. विस्फोटकों का कदापि प्रयोग नहीं किया जाए।
3. संरचनाओं की ढालदार छत का निर्माण किया जाना होगा जिनमें बर्फ का जमाव न होने पाये।
4. संरचनाओं का आधार बनाये जाने में समुचित गहराई तक ड्रिलिंग व बोल्टिंग कर मजबूत आधार बनाया जाना होगा।
5. रिज भाग में हल्की संचनाओं का निर्माण किये जाने के दृष्टिगत क्षेत्र में वायु वेग का संज्ञान लिया जाना होगा।
6. सम्पूर्ण प्रस्तावित क्षेत्र में वर्षाजल की निकासी व निस्तारण का समुचित प्रबन्ध किया जाना होगा।

उपरोक्त सुरक्षात्मक सुझाव एवं शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने की दशा में प्रस्तावित 0.8886 है0 भूभाग जॉर्ज एवरेस्ट विरासत पार्क का विकास किये जाने सम्बन्धी उपरोक्त वर्णित प्रीफैब्रीकेटेड संरचनाओं की स्थापना हेतु भूगर्भीय दृष्टिकोण से उपयुक्त प्रतीत होता है।

30/10/18
(डॉ0 दीपक हटवाल)
उपनिदेशक/भूवैज्ञानिक

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, मसूरी

नरेश चमोली
वन संरक्षण विशेषज्ञ
पी0एम0यू0, देहरादून

SDM (H)
उप जिलाधिकारी
मसूरी।

उप प्रभागीय वनाधिकारी
देहरादून
मसूरी वन प्रभाग

Addl. Program Director
I.D.I.P.T.
Uttarakhand

जिला मजिस्ट्रेट
देहरादून